दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

SJU Govt. Registered Social Justice Union


**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 30 अप्रैल 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 212

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राफा पर इजरायली हवाई हमले में 15 लोगों की मौत

**गाजा।** दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर में तीन आवासीय इमारतों पर बीती रात इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 15 फिलिस्तीनी मारे गए। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि कई अन्य लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं और नागरिक सुरक्षा दल उन्हें बचाने के लिए काम कर रहे हैं। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक इजरायली सेना की पिछले 24 घंटों के दौरान की कार्रवाई में 66 फिलिस्तीनी मारे और 138 अन्य को घायल हो गए।बयान के अनुसार सात अक्टूबर, 2023 को इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 34,454 हो गई और 77,575 लोग घायल हुए है।

### अनियंत्रित होकर बस पलटी, तीर्थ यात्रा पर जा रहे 14 लोगों की मौत; 31 घायल

**मेक्सिको सिटी।** मध्य मेक्सिको में मालिनाल्को के पास एक बस के पलट जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 31 अन्य घायल हो गए। सभी पीड़ित तीर्थ यात्रा पर जा रहे थे। स्थानीय मैक्सिकन सुरक्षा सचिवालय ने एक बयान में बताया कि दुर्घटना सुबह कैपुलिन-चाल्मा राजमार्ग पर हुई। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए चिकित्सा इकाइयां भी घटनास्थल पर पहुंचीं। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि चालक ने बस पर नियंत्रण कैसे खो दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, गुआनाजुआतो राज्य के तीर्थ यात्री मेक्सिको सिटी के दक्षिण-पश्चिम में एक ईसाई तीर्थ स्थल चाल्मा जा रहे थे जो मेक्सिको के सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों में से एक है।

### नागपुर एयरपोर्ट को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नागपुर (आरएनएस)।** नागपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक ईमेल सोमवार सुबह 10 बजे के करीब भेजा गया, जिसके बाद एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ईमेल एयरपोर्ट डायरेक्टर के मेल आईडी पर भेजा गया है, जिसके बाद इसकी शिकायत एयरपोर्ट के वरिष्ठ अधिकारियों को की गई। नागपुर के सोनेगांव पुलिस स्टेशन में भी इसकी शिकायत की जाएगी। ईमेल से धमकी मिलने की पुष्टि एयरपोर्ट डायरेक्टर आबिद रुई ने की और कहा कि सुबह ऑफिस समय में ही ये मेल भेजा गया। कई एयरपोर्ट को इस तरह के मेल किए गए हैं। ई मेल मिलने के बाद नागपुर एयरपोर्ट जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। साथ ही एयरपोर्ट पार्किंग स्थल पर सभी वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है। एयरपोर्ट के चारों तरफ गश्त की जा रही है।

### यूपी में बहन की शादी में डांस करते समय लड़की की मौत

**मेरठ (आरएनएस)।** मेरठ से एक दुखद घटना सामने आई है। यहां अपनी बहन की शादी में डांस करते समय 18 साल की एक लडक़ी की मौत हो गई। लडक़ी की पहचान रिमशा के रूप में की गई है। वह शुक्रवार शाम को अपनी बहन के हल्दी समारोह में डांस कर रही थी। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में लडक़ी को कई और लोगों के साथ डांस करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में देखा जा सकता है कि लडक़ी को डांस करते हुए अचानक से घबराहट होती है। वह अपने सीने पर हाथ रखती है,और देखते ही देखते गिर जाती है। आनन-फानन में रिमशा को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आशंका है कि उसे दिल का दौरा पड़ा है। इस घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया, और बहन की शादी केवल करीबी परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में की गई।

### जमानत के लिए निचली अदालत में क्यों नहीं गए अरविंद केजरीवाल: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली आबकारी नीति केस में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पूछा है कि मुख्यमंत्री ने निचली अदालत में जमानत की अर्जी क्यों नहीं दायर की। केजरीवाल की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि गिरफ्तारी गैर कानूनी होने के कारण जमानत के लिए अर्जी दायर नहीं की गई थी। दरअसल केजरीवाल ने ईडी की तरफ से की गई गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच कर रही है। सुनवाई के दौरान जस्टिस संजीव खन्ना ने पूछा कि आपने ट्रायल कोर्ट में जमानत याचिका दायर की है।

# जालंधर पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का किया पर्दाफाश, 48 किलो हेरोइन समेत तीन काबू; 21 लाख की नकदी और गाड़ियां भी बरामद

**जालंधर । आरएनएस**

जालंधर पुलिस कमिश्नरेट ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स सिंडिकेट का किया पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर अब तक की सबसे बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 48 किलो हेरोइन, 21 लाख की अवैध धनराशी, नोट गिनने की मशीन और तीन लग्जरी गाडिय़ां जब्त की है। जानकारी के अनुसार, सिंडिकेट के तार सीमाओं के पार, ईरान, अफगानिस्तान, तुर्की, पाकिस्तान और कनाडा के अलावा घरेलू नेटवर्क दो राज्यों जम्मू-कश्मीर और गुजरात तक भी फैला हुआ है।

पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने इसे शहर में कमिश्नरेट पुलिस द्वारा बरामद की गई दवाओं की अब तक की सबसे बड़ी खेप बताया। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा शहर में एक विशेष जांच की गई, जिसके दौरान वाई-प्वाइंट भगत सिंह कॉलोनी बाईपास के पास एक टोयोटा इनोवा कार नंबर पीबी08-डीएस-2958 को रोका गया। वहीं, स्वपन शर्मा ने बताया कि ड्राइवर ने मौके से भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने गाड़ी रोक ली और गाड़ी की तलाशी लेने पर गाड़ी के अंदर एक बैग में छिपाकर रखी गई 8 किलो हेरोइन बरामद हुई।

उन्होंने ने बताया कि पुलिस ने तुरंत ड्राइवर सतनाम सिंह उर्फ बब्बी पुत्र गुरदेव सिंह, निवासी गांव ढंडियां, पुलिस स्टेशन बंगा, जिला नवांशहर जो कि अब प्रताप चौक होशियारपुर के नजदीक मकान नंबर 141/8 सुभाष नगर, नजदीक में किराएदार है, को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि आरोपी अमन रोजी और उसके पति हरदीप सिंह के साथ ड्रग नेटवर्क से जुड़ा था। स्वपन शर्मा ने बताया कि इस




सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों संदिग्धों को नकोदर जालंधर रोड से पकड़ा, जहां से उनके पास से भारी मात्रा में 40 किलो हेरोइन और एक टोयोटा इनोवा समेत कुल 21 लाख रुपये की रकम बरामद हुई। उनके पास से तीन गाडिय़ां, एक महिंद्रा एक्सयूवी और एक हुंडई वर्ना के साथ एक कैश गिनने की मशीन बरामद की गई है।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने ईरान, अफगानिस्तान, तुर्की, पाकिस्तान और कनाडा के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर और गुजरात में चल रहे नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। स्वपन शर्मा ने कहा कि इस व्यापक नेटवर्क के सरगना नवप्रीत सिंह उर्फ नव को पकडऩे के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किये जा रहे हैं।

### भारतीय तटरक्षक का बड़ा ऑपरेशन, अरब सागर में 1200 करोड़ की हेरोइन जब्त; दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय तटरक्षक तथा गुजरात के आतंकवाद रोधी दस्ते ने अरब सागर में संयुक्त अभियान में एक भारतीय नौका को पकड़ कर 1200 करोड़ रुपये कीमत की 173 किलोग्राम हेराइन जब्त कर उस पर सवार दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह लगातार दूसरा दिन है, जब ड्रग्स की इतनी बड़ी खेप पकड़ी गई है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुजरात के आतंकवाद रोधी दस्ते से मिली खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय तटरक्षक ने संदिग्ध नौका को रोककर पूछताछ की। नौका की जांच करने पर उसमें मादक पदार्थ मिला जिसे जब्त कर नौका पर सवार दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। इन लोगों से पूछताछ की जा रही है। पिछले तीन वर्षों में भारतीय तटरक्षक ने दस से भी अधिक नौकाओं से मादक पदार्थ जब्त किये हैं।




## धरती फाड़ कर निकले भगवान : खुदाई में विष्णु भगवान की मिली 1 हजार साल पुरानी 9 मूर्तियां

**खरगोन । आरएनएस**



मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने सब को चौंका के रख दिया है। दरअसल, यहां खुदाई के दौरान भगवान विष्णु की मूर्ति जमीन के नीचे से निकली है। जोकि करीब 1 हजार साल पुरानी है। यहां भवन के काम के लिए खुदाई की जा रही थी। इस दौरान एक के बाद एक 9 विष्णु भगवान की प्रतिमाएं निकली। ये सभी प्रतिमाएं भगवान विष्णु की अलग-अलग भाव भंगिमा में है। जैसे ही इसकी जानकारी ग्रामीणों को मिली, वे भगवान के दर्शन करने पहुंच गए। सनावद थाना क्षेत्र के कानापुर में प्रतिमाएं मिली हैं। दरअसल नर्मदा के दक्षिणी क्षेत्र के कानापुर गांव में में कुछ दिनों से निर्माण कार्य चल रहा था। कॉलम के लिए जैसे ही जेसीबी से खुदाई शुरू की, अंदर से भगवान की 1 मूर्ति प्रकट हुई। इसके बाद मजदूरों ने और खुदाई करनी शुरू की तो 8 और मूर्तियां मिली। इसके बाद लोगों ने मूर्ति को मिट्टी से निकालकर पानी से धोया। उन्होंने सरपंच को इसकी जानकारी दो जिसके बाद पुलिस के माध्यम से पुरातत्व संग्रहालय को भी सूचित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि नर्मदा घाटी से सटे इस इलाके में कोई प्राचीन मंदिर रहा होगा। माना जा रहा है कि यहां और भी प्रतिमाएं हो सकती हैं।

## मालवाहक वाहन और ट्रक के बीच भीषण टक्कर, 10 लोगों की मौत; 23 घायल

**रायपुर । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ के बेमेतरा के ग्राम कठिया मे दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया है जिसमें 10 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है और 23 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में 6 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें रायपुर के एम्स रेफर कर दिया गया है। बाकी घायलों का इलाज बेमेतरा और सिमगा के सीएचसी अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक यात्रियों से भरी पिकअप वैन ने सडक़ पर खड़ी एक टाटा 407 गाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप वैन टाटा 407 में जा घुसी और इस एक्सीडेंट मे 10 लोगों की मौत हो गई। इस गाड़ी में 40 से 50 लोग सवार थे।

जानकारी के मुताबिक सभी लोग पिकअप वैन से समधिन भेंट कार्यक्रम में ग्राम तिरैया से गए थे और कार्यक्रम से वापस लौटने के दौरान ग्राम कठिया के पास ये हादसा हो गया। इस घटना मे चार बच्चे समेत 6 महिला-पुरुषों की मौत की खबर है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के विधायक दीपेश साहू भी मौक़े पर पहुचे जहां उन्होंने घटना में घायल सभी लोगों के बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों को खास हिदायत दी है। घटना स्थल पर कलेक्टर एसपी सहित एसडीएम प्रशासन के आला अधिकारी भी मौजूद हैं।

### देहरादून-मसूरी मार्ग पर हरियाणा के पर्यटकों की गाड़ी खाई में गिरी, तीन की मौत

**देहरादून (आरएनएस)।** देहरादून-मसूरी मार्ग पर सोमवार को एक बड़ा हादसा हो गया। हरियाणा से आए पर्यटकों की गाड़ी मसूरी हाथीपांव के पास 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में तीन पर्यटकों की मौत हो गई। एसडीआरएफ ने बताया कि सोमवार को हरियाणा के पर्यटकों की कार (एचआर 42 एफ 2676) के खाई में गिरने की सूचना मिली। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने बताया कि हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त की जा रही है।

## 25,753 स्कूली नौकरियां खत्म करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली । आरएनएस**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) द्वारा 2016 में शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों पर की गई 25,753 नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

हालांकि, सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अगली तारीख तक केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा राज्य सरकार के उन अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी, जो सुपर-न्यूमेरिक पदों के सृजन को मंजूरी देने में शामिल थे। पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि वह इस मामले पर सोमवार को आगे की सुनवाई करेगी।

पीठ ने याचिकाकर्ता पक्ष से यह दिखाने के लिए भी कहा कि क्या राज्य के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नौकरियों की विभिन्न श्रेणियों के लिए 2016 में सूचीबद्ध सभी 25,753 व्यक्तियों की वैध नियुक्तियों को अलग करने के लिए कोई द्वितीयक सामग्री उपलब्ध है।

पिछले सप्ताह अपने एक आदेश में, कलकत्ता हाईकोर्ट ने शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द कर दिया था और उन्हें चार सप्ताह के भीतर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ पूरा वेतन वापस करने को कहा था। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) को नए सिरे से भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश देने के अलावा, न्यायमूर्ति देबांगसु बसाक और न्यायमूर्ति शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को भी मामले में अपनी जांच जारी रखने का निर्देश दिया था।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने सुपर-न्यूमेरिक पदों के सृजन के राज्य कैबिनेट के फैसले पर संज्ञान लेते हुए कहा कि यदि आवश्यक हो तो सीबीआई रिक्त पदों से अधिक सीटों के सृजन के पीछे के मास्टरमाइंड से पूछताछ कर सकती है। ऐसा माना जाता है कि ये सुपर-न्यूमेरिक पद, जो शुरू से ही संदेह के घेरे में रहे हैं, अवैध रूप से भर्ती किए गए अयोग्य उम्मीदवारों के लिए सृजित किए गए।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में निलंबित आईएएस पूजा सिंघल को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जमानत अर्जी

**रांची (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद झारखंड की निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उनकी याचिका पर सोमवार को हुई सुनवाई और बहस के बाद अदालत ने उन्हें बेल देने से इनकार कर दिया। पूजा सिंघल को झारखंड के खूंटी में मनरेगा घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। इसके पहले एजेंसी ने उनके आवास सहित विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान उनके पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार के आवास से 20 करोड़ रुपए नकद बरामद किए थे। जेल भेजे जाने के बाद झारखंड सरकार ने उन्हें निलंबित कर दिया था। कोर्ट ने उन्हें पुत्री के इलाज के लिए कुछ दिनों के लिए जमानत दी थी, लेकिन बाद में उन्हें फिर सरेंडर करने का आदेश दिया गया था। इसके बाद सिंघल ने 12 अप्रैल 2023 को रांची ईडी की विशेष कोर्ट में सरेंडर किया था। तब से वह रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं।

## आईबी की थ्रेट रिपोर्ट के बाद गृह मंत्रालय का बड़ा फैसला : ईडी के सभी दफ्तरों पर होगी सीआईएसएफ की तैनाती

**नई दिल्ली । आरएनएस**

ईडी ने बीते दिनों घोटाले से जुड़े मामलों में अपनी कार्रवाई तेज की है, जिसको लेकर ईडी की टीम पर राजनीतिक दलों के समर्थकों द्वारा हमले की खबरें भी सामने आ रही हैं। अब ईडी की लगातार बढ़ती सक्रियता और खतरे को देखते हुए रेगुलर बेसिस टीम के साथ ष्टढ्ढस्स्न को तैनात किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक ईडी की लगातार बढ़ती सक्रियता और टीम पर खतरे को देखते हुए देशभर में ईडी के ऑफिसों पर रेगुलर बेसिस पर ष्टढ्ढस्स्न को तैनात किया जाएगा। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों में श्वष्ठ ऑफिस और उनके अधिकारियों पर बढ़ रहे खतरे को देखते हुए और आईबी की थ्रेट रिपोर्ट के आधार पर गृह मंत्रालय ने ये फैसला लिया है। जानकारी के अनुसार, शुरुआत में कोलकाता, रांची, रायपुर, मुम्बई, जालंधर, जयपुर कोच्चि के साथ-साथ दूसरी जगहों पर स्थित ईडी ऑफिस पर सीआईएसएफ फोर्स को तैनात किया जाएगा। बता दें कि जनवरी को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में भीड़ ने ईडी की टीम पर हमला किया था। इस हमले में प्रवर्तन निदेशालय के कई सदस्य घायल हो गए। यह घटना उत्तर 24 परगना जिले से सामने आई थी, जहां अधिकारी, अर्धसैनिक बलों के साथ, एक कथित राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में स्थानों पर छापेमारी करने गए थे। टीम पर उस समय हमला किया गया जब वह तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के आवास के पास पहुंची थी।

# 4 सेकंड देर न होता तो खत्म हो जाता चंद्रयान-3, इसरो ने बताया क्यों लेट हुई थी लॉन्चिंग

**नई दिल्ली । आरएनएस**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने हाल ही में अपनी एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि अंतरिक्ष में मलबे और उपग्रहों से टक्कर होने की आशंका और उससे बचाव के लिए ही चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग चार सेकंड की देरी से की गई थी। वैज्ञानिकों ने अपनी सूझ-बूझ का परिचय देते हुए अगर ऐसा नहीं किया होता तो चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग सफल नहीं हो पाती और शायद अंतरिक्ष में मलबे से टकरा गया होता।



बता दें कि पिछले साल 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से मून मिशन के तहत चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण किया गया था। अपनी रिपोर्ट में लिखा है, एलवीएम3-एम4/ चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण को विश्लेषण के आधार पर नाममात्र के चार सेकंड के लिए रोका गया था, ताकि परिचालन ऊंचाई के ओवरलैप होने के कारण अंतरिक्ष के मलबे और उनके कक्षीय चरण में इंजेक्ट किए गए उपग्रहों के बीच निकट संपर्क से बचा जा सके।

दरअसल, किसी भी सैटेलाइट या स्पेसक्राफ्ट को लॉन्च करने से पहले वैज्ञानिक कोलिजऩ एवॉयडेंस एनालिसिस करते हैं, ताकि अंतरिक्ष मलबे या किसी उपग्रह से संभावित टक्कर का पता लगाया जा सके। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने शुक्रवार को ही भारतीय अंतरिक्ष स्थिति आकलन रिपोर्ट 2023 पेश किया, जो अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश की प्रगति का सालाना लेख-जोखा पेश करता है। इसे इसरो के सुरक्षित और सतत अंतरिक्ष संचालन प्रबंधन प्रणाली द्वारा तैयार किया गया है।

रिपोर्ट में अंतरिक्ष अभियान के तहत होने वाले विभिन्न पर्यावरणीय खतरों जैसे क्षुद्रग्रहों, धूमकेतुओं, उल्कापिंडों और कृत्रिम अंतरिक्ष वस्तुओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में इन जोखिमों को देखते हुए उपग्रहों के प्रक्षेपण वाहनों का आकलन करने, उपग्रहों के वायुमंडलीय पुन: प्रवेश और अंतरिक्ष में मलबों के विकास का अध्ययन करने के लिए निरंतर जागरूकता पर जोर दिया गया है।

बता दें कि चंद्रयान-3 से पहले लॉन्चिंग भी 22 अप्रैल 2023 को एक मिनट की देरी की गई थी। इसके अलावा पिछले साल ही 30 जुलाई 2023 को क्कस्रुङ्क-ष्56/ष्स्-स्ह्रक्र की लॉन्चिंग में भी एक मिनट की देरी की गई थी, ताकि इन दोनों रॉकेट्स और सैटेलाइट के सामने आने वाले अंतरिक्ष मलबे और अन्य उपग्रहों के टक्कर से उसे बचाया जा सके। चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग से पहले वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में कचरा दिखाई दिया था, जो किसी अन्य सैटेलाइट का टुकड़ा था। अगर पहले से निर्धारित समय पर चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग हो गई होते तो उस कचरे से टक्कर हो जाती और मिशन अंजाम तक नहीं पहुंच पाता।

सोमनाथ ने भारत के अगले चंद्रमा मिशन चंद्रयान -4 के बारे में भी जानकारी साझा की। उनके मुताबिक, चंद्रयान-4 मिशन को चंद्रयान श्रृंखला की अगली कड़ी के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की है कि भारत 2040 में चंद्रमा पर उतरने का इरादा रखता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए चंद्रमा का निरंतर अन्वेषण आवश्यक है'' उन्होंने कहा,''चंद्रयान-4 इस उद्देश्य की दिशा में पहला कदम होगा। मिशन का लक्ष्य चंद्रमा पर एक यान भेजना, नमूने एकत्र करना और उन्हें पृथ्वी पर वापस लाना है। अंतत:, जब भारत मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए तैयार होगा, तो भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को प्रयोग करने और सुरक्षित लौटने के लिए चंद्रयान से चंद्रमा पर भेजा जाएगा।